करम तेरा | By Savita Verma

शिरडी वाले नमो नमः
सद्गुरु साईं नमो नमः

करम तेरा अगर मुझपे साई एक बार हो जाए
सच कहती हूँ साई मेरी किस्मत ही बदल जाए
मैं सच कहती हूँ मेरे साईं मेरी किस्मत ही बदल जाए
मैं सच कहती हूँ मेरे मौला मेरी किस्मत ही बदल जाए

तेरी रेहमत का एक टुकड़ा अगर दामन में गिर जाए
जो किस्मत में ना लिखा तेरे दर से वो मिल जाए
हो तेरा हाथ मेरे सर पे तो हर एक बात बन जाए
करम तेरा अगर मुझपे साई एक बार हो जाए

जो दर दर जाके भटके थे साईं ने उनको सहारा दिया
तूफानों से घिरी थी कश्ती खुद ही आकर पार किया
हो तेरा एक इशारा साईं तो हर एक नेमत मिल जाए
करम तेरा अगर मुझपे साई एक बार हो जाए

साई दया वाली नज़र एक बार तो अब कर दो
दास बना लो चरणों का हमें भक्ति का साईं वर दो
हो तेरा नाम जपते जपते मेरे दिन रेन गुज़र जाए
करम तेरा अगर मुझपे साई एक बार हो जाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-savita-verma/